भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 30.08.2024

आरेडिका की मुनीता प्रजापति ने दिलाया रजत पदक

63वीं ओपन नेशनल एथलेटिक्स चौंपियनशिप का आयोजन दिनांक 30–08–20024 से 02–09–2024 तक बैंगलुरू में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में सभी राज्यों तथा सभी विभागों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इस आयोजन में भारतीय रेलवे भी प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता में आरेडिका, रायबरेली की मुनीता प्रजापति ने महिला ग्रुप के 20 किलोमीटर रेस वॉक में रजत पदक के रूप में पहला पदक दिलाकर रेलवे तथा आरेडिका को गौरवान्वित किया।

इस प्रतियोगिता में पुरूष खिलाड़ियों की 24 प्रतियोगितायें और महिला खिलाड़ियों की 24 प्रतियोगिताओं सहित कुल 48 प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी जिसमें कुल लगभग 1000 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री संजय कुमार कटियार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आरेडिका के 5 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं अगले 1–2 दिनों में आरेडिका एवं भारतीय रेल को कुछ और पदक मिलने की उम्मीद है तथा आरेडिका, रायबरेली की खेल अधिकारी तथा पद्मश्री एवं अर्जुन अवार्डी श्रीमती सुधा सिंह खिलाड़ियों की हौसला अफजाई के लिए उनके साथ बैंगलूरू में मौजूद हैं।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने मुनीता प्रजापति को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही आरेडिका के सभी खिलाड़ियों को लगन तथा कड़ी मेहनत के साथ खेल प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

Asrivastav
30/08/2024

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी